an>

Title: Need to expedite the construction of roads under Prime Minister Gram Sadak Yojana in the country.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) : महोदय, सड़क मार्ग हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रामीण भारत को सड़क मार्ग की अच्छी सुविधा देने हेतु भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना चलाई जा रही है। पिछले कुछ वर्षों से इस योजना की प्रगति बहुत ही धीमी है। जो निर्माण कार्य हो रहा है, उसकी गुणवत्ता जैसी होनी चाहिए वैसी नहीं है तथा अनुरक्षण का कार्य जो निर्माणकर्ता द्वारा कराया जाना चाहिए, वह नहीं कराया जा रहा है।

मेरी आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण की गति बढ़ाई जाए तथा जो भी कार्य निर्माणाधीन हैं या प्रस्तावित हैं या पूर्ण हो चुके हैं, इन सबकी जानकारी हर तिमाही हम सदस्यों को उपलब्ध कराई जाए तथा अनुरक्षण संबंधी जानकारी भी दी जाए। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना द्वारा निर्माण कराई गई सड़कें जो टूट चुकी हैं, उनका फिर से निर्माण कराया जाए।

HON. CHAIRPERSON:

Shri Bhairon Prasad Mishra,

Shrimati Riti Pathak and

Shrimati Santosh Ahlawat are permitted to associate with the issue raised by Shrimati Anju Bala.